राम तेरे संग चलूंगा

राम तेरे संग चलूंगा, भैया मैं जोडू दोनों हाथ,
लखन मेरे वीर रहने दे, दुख तो पावेगा मेरे साथ....

मुझे ही मिला है भाई विछोहा,
दुख बटवाये यह भाई छोटा,
साल 14 भी देंगे, ना है एक-दो दिन की यह बात,
राम तेरे संग चलूंगा....

रहेगी एकेली तुमसे ब्याही,
मुझे है जान से प्यारा भाई,
प्यार तेरा समझ लिया मैं तू भी तो समझ लियो हालात,
राम तेरे संग चलूंगा....

ठीक नहीं लक्ष्मण जिद का करना,
फ़र्ज मेरा तेरी गैल है जाना,
फ़र्ज तेरा टहल है करना, टहल तो करना माई बाप,
फ़र्ज तेरा सेवा है करना, सेवा तो करना माई बाप,
राम तेरे संग चलूंगा....

मात मेरी सीता माता है,
पिता मेरा रामा भ्राता है,
सेवा चरणों की करूंगा हरदम रहूंगा तावेदार,
राम तेरे संग चलूंगा....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30244/title/ram-tere-sang-chaluga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |